संख्या-14/2019/सा-3-283/दस-2019-63-सी/79 टी0सी0

प्रेषक,

नील रतन कुमार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
पेंशन उत्तर प्रदेश इन्दिरा भवन,
लखनऊ।

वित्त (सामान्य) अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक 31 मार्च 2019

विषय: स्वायत्तशासन अभियंत्रण विभाग से उ0प्र0 जल निगम की सेवा में स्थानान्तरित कार्मिकों की सेवानैवृत्तिक/पेंशनरी लाभों पर होने वाले व्यय की आनुपातिक आधार पर प्रतिपूर्ति।

महोदय

उपर्युक्त विषयक निदेशक वित्त उ0प्र0 जल निगम लखनऊ के पत्र संख्या-458/पेंशन-315/007/18 दिनांक 30-03-2019 द्वारा स्वायत्तशासी अभियंत्रण विभाग के पेंशनरों की पेंशन पर हुये व्यय जैसा स्थानीय निधि लेखापरीक्षा विभाग द्वारा सत्यापित किया गया है, के सापेक्ष दिनांक 31-12-2016 तक अवशेष धनराशि रू010,03,89,986.00 (रूपये दस करोड़ तीन लाख नवासी हजार नौ सौ छियासी मात्र) तथा दिनांक 01-01-2017 से दिनांक 31-12-2017 तक देय राशि रूपयें 19,97,98,229 (रूपये उन्नीस करोड़ सत्तानवे लाख अट्ठानवे हजार दो सौ उनतीस मात्र) अर्थात् कुल रूपये 30,01,88,215.00 (रूपये तीस करोड़ एक लाख अठ्ठासी हजार दो सौ पन्द्रह मात्र) अवमुक्त किये जाने का प्रस्ताव किया गया है।

http://shasanadesh.up.nic.in

2- वर्तमान वित्तीय वर्ष 2018-19 के बजट में अनुदान संख्या-62 के अंतर्गत लेखाशीर्ष " 2071-पेंशन तथा अन्य सेवानिवृत्ति हित लाभ-01-सिविल-101-अधिवर्षता और सेवानिवृत्ति-04-जल निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की राजकीय सेवा के लिए अंशदान-33-पेंशन/आनुतोषिक-अन्य सेवानिवृत्ति हित लाभ " के अन्तर्गत प्रावधानित रूपये 25,00,00,000.00 (रूपये पच्चीस करोड़ मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने हेतु श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

3- उक्त धनराशि का आहरण निदेशक, पेंशन इन्दिरा भवन, लखनऊ द्वारा जवाहर भवन, कोषागार से किया जायेगा, तथा आहरित धनराशि का भुगतान उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को किया जायेगा।

भवदीय,
नील रतन कुमार
विशेष सचिव।

संख्या-14/2019/सा-3-283(1)/दस-2019-63-सी/79 टी0सी0 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- प्रमुख सचिव,नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0, जल निगम, लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- निदेशक, वित्त, उ0प्र0, जल निगम, लखनऊ।
6- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
नील रतन कुमार
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in